तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025

13 ज्ञानदीप शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

14 आठ पंचायतों में हैं शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली ...

राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर

खबर संक्षेप

शुक्लाभाठा स्कूल में भवन एवं आहता निर्माण की मांग

मैनपुर। ग्राम पंचायत गोना के सरपंच निरबत बाई व ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत अंतर्गत शुक्लाभाठा में स्कूल भवन बेहद जर्जर होने के कारण कभी भी दुर्घटना की अंदेशा को देखते हुए नया भवन निर्माण के साथ आहता निर्माण की मांग किया है जिसके संबंध में मांगपत्र विधायक जनक ध्रुव को दिया गया है। विधायक ने संबंधित विभाग को मांगपत्र पर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

कमारपारा में हैंडपंप खनन की मांग

मैनपुर। ग्राम पंचायत गोना के आश्रित ग्राम कमारपारा में गर्मी के इन दिनों में ग्रामीणों को भीषण पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। गांव में नलजल योजना लगाया गया है लेकिन उससे पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीण अमृतलाल, धनीराम, बिरनसिंह ने बताया ग्रामीणों को मजबूरन झरिया का पानी पीना पड़ रहा है ग्रामीणों ने गांव में हैंडपंप खनन की मांग किया है।

गौरगांव से लाटापारा तक सड़क डामरीकरण की मांग

मैनपुर। राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के ग्रामीणों ने गौरगांव के आश्रित ग्राम गेदराबेड़ा, लाटापारा, कछारपारा, झोलाराव तक पक्की सड़क निर्माण की मांग किया है ग्रामीणों ने बताया इस मार्ग में बारिश के दिनो में भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है स्कूल जाने वाले बच्चो को भारी परेशानी होती है इसलिए इस मार्ग में पक्की सड़क निर्माण की मांग किया है।

जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक 2 को

महासमुंद। जिला पंचायत महासमुंद की सामान्य सभा की बैठक 2 मई 2025 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मोंगरा पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद करेंगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक द्वारा जारी सूचना में सभी विभाग प्रमुखों को बैठक में अद्यतन विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने एवं संबंधित दस्तावेजों की 30 प्रतियां पीपीटी सहित बैठक से तीन दिन पूर्व प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जिला पंचायत विकास निधि 2025-26 कार्य योजना, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत वर्ष 2025-26 कार्य योजना एवं अध्यक्ष की सहमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

पंचायत में लटका ताला, शिकायत व समस्याओं का नहीं हो रहा निराकरण, सुशासन पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

पंचायत टेंगनाबासा, सेमरा, केवटीझर, दुल्ला, भेसमुड़ा, कोसमी नवापारा पिपराही में लगे हैं ताले

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार की घोषणा की गई है जिसके तहत सभी पंचायत में पेटी लगाकर सभी प्रकार की शिकायतें ली गई है और उनके निराकरण के लिए अप्रैल माह का समय दिया गया है उनके द्वारा प्राप्त शिकायत है समस्याओं का निराकरण अप्रैल माह के अंदर किया जाना है उसके पश्चात पूरे मई माह में इन समस्याओं का निराकरण क्या हुआ है इसकी जानकारी के लिए जगह-जगह पर शिविर लगाकर उनका निराकरण की जानकारी दी जायेगी। लेकिन इन सभी का मुख्य केंद्र ग्राम पंचायत में ताला लटका हुआ है इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि कैसे सुशासन तिहार आएगा? टेंगनाबासा, सेमरा, केवटीझर, दुल्ला, भेसमुड़ा, कोसमी नवापारा पिपराही में ताला लगा हुआ है एवं ग्राम पंचायत टोनहीडबरी में ग्राम पंचायत के सचिव देवानंद यादव बैठकर ग्रामीणों के साथ चर्चा करते पाया गया एवं ग्राम पंचायत केवटीझरके सचिव देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि वह जनपद पंचायत में सुशासन तिहार की समस्याओं का निराकरण के लिए पहुंचे हैं एवं ग्राम पंचायत टेंगना बासा के सचिव को फोन लगाने पर उनका फोन बंद बताया, ज्ञात होगी इसके पूर्व लगभग 25 से 30 दिन तक ग्राम पंचायत सचिव हड़ताल होने की वजह से पंचायत में ताला लटका रहा और अब कार्य वापसी के पश्चात भी पंचायत में ताला लगा हुआ है, ग्राम पंचायत के माध्यम से लगभग 39 विभागों का क्रियांवाइन होता है एवं ग्राम पंचायत के सचिव के अलावा उसके अलावा भी अगर पंचायत में ताला लग रहा है तो इसके लिए आखिर जिम्मेदार कौन है?

सचिव को जारी किया जाएगा नोटिस

जनपद पंचायत के सीईओ सतीश चंद्रवंशी ने कहा की सभी सचिवों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि पंचायत नियमित रूप से 10 से 5 तक खोला जाए उसके बावजूद अगर किसी प्रकार का कार्य हो तो वहां अन्य की देखरेख में पंचायत खुला रखा जाए। वर्तमान में सुशासन तिहार से प्राप्त समस्याओं का निराकरण का दौर चल रहा है। सचिवों को तीन प्रपत्र भी दिया गया है जिसमें आवास पट्टा एवं अन्य विषयों का भी गांव में सर्वे किया जाना है। अगर इन सब कार्यों के अलावा अगर पंचायत में ताला लगा है तो निश्चित रूप से ग्राम पंचायत के सचिव को नोटिस जारी कर किया जाएगा।

डीजे पिकअप और ऑल्टो की टक्कर में एक की मौत, चार गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

2 दिनों में पांच दुर्घटनाएं 7 घायल, एक को सर्प ने काटा

जिले के नेशनल हाइवे पर मंगलवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने सबको दहला दिया। जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर मैनपुर मार्ग स्थित ग्राम कोड़ोहरदी मोड़ के पास तेज रफ्तार डीजे पिकअप और मारुति ऑल्टो कार में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, डीजे पिकअप वाहन दगनबाय से एक बारात कार्यक्रम से लौट रहा था, जिसमें कनेसर छुरा पक्तिया निवासी प्रकाश देवांगन पिता अशोक देवांगन सवार था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑल्टो कार के परखच्चे उड़ गए। ऑल्टो कार में सवार ⏭शेष पेज 12 पर

- कोड़ोहरदी मोड़ के पास हुआ हादसा, रायपुर रेफर किए गए घायल

मैनपुर। मैनपुर क्षेत्र में इन दिनो लगातार दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। मंगलवार को नेशनल हाईवे 130 सी प्राथमिक शाला मैनपुर के सामने दो मोटर साइकिल आमने सामने से टकरा गया जिससे एक युवक घायल हो गया जिसे ईलाज के लिए तत्काल अस्पताल ले जाया गया तो वहीं कल सोमवार को मैनपुर जिड़ार मार्ग में जाड़ापदर के पास दो मोटर साइकिल जबरदस्त टकराई जिससे एक युवक मिथलेश एवं दूसरा राज घायल हो गए जिन्हे मैनपुर अस्पताल लाया गया। प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया है। वहीं मैनपुर नगरी मार्ग में झरियाबाहरा नाका के सामने मोटर साइकिल फिसलने से रामे"वर घायल हो गया, धवलपुर में भी मोटर साइकिल दुर्घटना से रोशन नामक युवक के पैर में गंभीर चोट लगा है, भाठीगढ़ मार्ग में मोटर साइकिल से गिरने से लितेश कुमार एवं नरेश घायल हो गए जिनका उपचार मैनपुर अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं आंधी-तूफान से पेड़ गिर गया जिससे बचने के लिए मोटर साइकिल चालक मोटर साइकिल को सड़क से उतार दिया जिससे मिमांशु घायल हो गया जिसका उपचार मैनपुर अस्पताल में किया जा रहा है वही एक घटना में देवभोग क्षेत्र योगेश कुमार के सिर में गंभीर चोट लगी है। मैनपुर नगर के एक वरिष्ठ व्यवसायी सुबह अपने दुकान खोलने के लिए जैसे ही घर से बाहर निकला गेट के नजदीक एक सर्प ने युवक के पैर को काट दिया तत्काल व्यवसायी को मैनपुर अस्पताल लाया गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

बारिश से बदला मौसम का मिजाज आंधी से बिजली व्यवस्था हुई बाधित



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

अंचल में सोमवार शाम को मौसम ने अचानक करवट ली। भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को 10 दिन बाद राहत मिली,जब तेज आंधी तूफान के साथ जोरदार बारिश हुई। लगभग 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ़्तार से चली हवाओं ने कई पेड़ धराशायी कर दिए, जिससे क्षेत्र में बिजली सप्लाई प्रभावित हुई। क्षेत्र के गांवों में देर रात तक अंधेरे के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सोमवार को अधिकतम तापमान गिरकर 36.3 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, सोमवार सुबह से ही मौसम में बदलाव नजर आने लगा। आसमान में बादल छाए रहे और दिन के चढ़ने के साथ हल्की धूप भी निकली, लेकिन शाम होते आसमान में फिर से काले बादल छा गए। तेज हवाओं के साथ अंधड़ और मेघ गर्जना शुरू हुई, जिससे तापमान में और गिरावट आई। पिछले कुछ दिनों से गर्म हवाओं और लू के थपेड़ो के कारण सनबर्न जैसी स्थिति बन रही थी, जिससे अब लोगों को राहत मिली है।

उरमाल स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही लाखों की दवाएं खुले में फेंकी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में खुले में लाखों रुपए की दवाईयों को फेंके जाने की खबर सामने आई है। उरमाल स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सामने आई है। लाखों की दवाइयां खुले आसमान के नीचे सड़ रही हैं। मैनपुर जनपद पंचायत सदस्य योगीराज माखन कश्यप ने मामले का खुलासा किया है और इसकी शिकायत स्वास्थ्य मंत्री से करने की बात कही है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा

लाखों रुपए की दवाइयां खुले आसमान के नीचे फेंक दी गई हैं। इन दवाइयों में टेबलेट, सिरप और कई जरूरी जीवनरक्षक दवाइयां शामिल हैं, जो 45 डिग्री की तपती गर्मी में पिछले दो महीनों से सड़ रही हैं।

विभाग से तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग- जानकारी के अनुसार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरमाल परिसर में दवाइयों का एक बड़ा भंडार लंबे समय से खुले में पड़ा है। गर्मी, धूल और बारिश के प्रभाव से दवाइयां खराब हो रही हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक इनकी उचित ढंग से देखरेख या निपटान की कोई व्यवस्था नहीं की है । इस मामले का खुलासा मैनपुर जनपद पंचायत के सदस्य एवं भाजपा युवामोर्चा जिला अध्यक्ष योगिराज माखन कश्यप ने किया है। कश्यप ने मौके का निरीक्षण कर स्थानीय प्रशासन का ⏭शेष पेज 12 पर

स्वामी आत्मानंद स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

मैनपुर। मैनपुर स्वामी अत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल में कक्षा पहली से आठवीं एवं नवमी तथा ग्यारहवी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें परीक्षा परिणाम काफी अच्छा रहा। इस मौके पर प्राचार्य श्री बी एस नागेश, जावेद मेमन प्रधान पाठक, रामेश्वरी ध्रुव, गणेश बघेल, संतोष पटेल, गीता यादव, सुषमा दास, परिमल यादव, अखिल चेलक, राधारोशन, रोली शर्मा, रामकुमार, जितेंद्र पांडे, नेहा जैन, लक्ष्मी व्यापारी, सोनी कौशिक, प्रज्ञा साहू, भावना बढ़ाई, त्रिवेणी चंदन, वत्सल गुप्ता ,निधि एक्का, रवि उरांव ,याद साहू, दिलीप साहू, सन्नी दास, हल धर मेहर, लिंकन आंवले, आरती श्रीवास, अनुरागनी साहू ,सतीश दिवान, विनय कपिल, रूपेश यादव, भूषण तिरथारी, चिरंजीव साहू, खिरमिला ,छानेश्वरी साहु सहित शिक्षक व छात्राएं उपस्थित थे।

अमलीपदर स्वास्थ्य केंद्र में 18 घंटे बिजली रही बंद

मोबाइल की रोशनी में 6 बच्चों की डिलिवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

डॉक्टर और स्टाफ ने नहीं मानी हार साहस और सेवा-भावना की जमकर सराहना

मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के अमलीपदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते 24 घंटों के खुशियों की छह किलकारियां गूंजीं। ये किलकारियां सिर्फ नवजात शिशुओं की नहीं थीं, बल्कि मुश्किल हालात में उम्मीद की नई किरण भी बनीं। तेज आंधी और बारिश के कारण अस्पताल में लगातार 18 घंटे तक बिजली बाधित रही, मगर इन विषम परिस्थितियों में भी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने हार नहीं मानी। मोबाइल फोन की छोटी–सी रोशनी के सहारे उन्होंने सुरक्षित प्रसव कराते हुए माँ और शिशु की जिंदगी बचाई। सीएमएचओ डॉ गार्गी यदु पाल ने बताया कि रविवार रात आए तेज आंधी-तूफान के चलते पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। स्वास्थ्य केंद्र में सोलर सिस्टम की व्यवस्था थी, लेकिन लगातार 10 घंटे उपयोग के कारण अंतिम प्रसव के ठीक पहले ही उसकी बैटरी पूरी तरह डाउन हो गई। बिजली न होने के कारण अस्पताल का ऑपरेशन थिएटर और प्रसव कक्ष अंधेरे में डूब गया। ऐसे कठिन हालात में भी डॉक्टरों और स्टाफ ने हार नहीं मानी। मोबाइल फोन की फ्लैशलाइट के सहारे प्रसव कराया। स्वास्थ्यकर्मियों ने पूरी सजगता और सूझबूझ के साथ प्रसव संपन्न कराया। एक हाथ में मोबाइल और दूसरे हाथ से जिंदगी को थामने की जद्दोजहद — यह –श्य अस्पताल में मौजूद हर किसी के लिए अविस्मरणीय बन गया। इस दौरान सीएचसी में लीलाबाई निषाद, सदराई बाई गोड़, हीरा बाई, बुनादी बाई निषाद, रूखमणी बाई और उलसो बाई टंकेश्वर गोड़ ने नवजात को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद सभी नवजात शिशु और उनकी माताएं स्वस्थ हैं।

अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर इंद्रजीत भारद्वाज ने बताया कि सीमित संसाधनों और अंधेरे के बीच स्टाफ ने जिस सेवा भावना और समर्पण का परिचय दिया, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि पांच प्रसव के बाद सोलर की बैटरी डाउन होने से अंधेरा हो गया था। यदि डॉक्टरों और नर्सों ने तत्काल मोबाइल लाइट के भरोसे प्रसव का निर्णय न लिया होता, तो महिला और उनके परिजनों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता था। सफल ऑपरेशन में लीला, खुशबू और चित्र सिस्टर का योगदान रहा। वहीं स्थानीय लोगों ने भी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के इस अदम्य साहस और सेवा-भावना की जमकर सराहना की है। उनका कहना है कि संकट की इस घड़ी में अमलीपदर सीएचसी में जो जज्बा और समर्पण देखने को मिला, वह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

खबर संक्षेप

4थी में नारायण साहू प्रथम, पिता ने स्कूल को दिया कूलर व पानी केन

फिंगेश्वर। बालक प्राथमिक शाला केन्द्र स्कूल में कक्षा चौथी में अध्ययनरत बालक नारायण साहू के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पिता उत्तम साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्कूल को कूलर एवं ठंडे पानी की केन प्रदान की है। पिता उत्तम साहू ने बताया कि मेरा पुत्र लगातार कक्षा 1ली से आज तक प्रथम स्थान प्राप्त करते आ रहा है जिससे मै मेरा परिवार बहुत खुश हैं। पुत्र नारायण साहू के प्रथम आने का श्रेय उन्होंने कक्षा के शिक्षकों को दिया है।उनका कहना है कि पुत्र उत्तम अपने शिक्षकों के मार्ग दर्शन मे लगातार पढ़ाई करते आया है। मेरा सपना है कि उनका पुत्र पढ़ लिखकर आर्मी मे नौकरी करते हुए देश की सेवा करे। ज्ञात हो कि पिछले साल जब नारायण साहू कक्षा 3 री मे प्रथम आया था तो पिता उत्तम साहू ने स्कूल के लिए एक एलईडी टीवी गिफट किया था।पिता का कहना है कि पुत्र अब पांचवी पढ़ेगा जिसको लेकर वे आश्वान्वित हैं। इस अवसर पर शिक्षक अशोक कुमार,कामनी साकार, मोंगरा साहू, रोहित आदि उपस्थित थे।

बेलसोंडा में हुआ बोर खनन, पेयजल समस्या से मिलेगी निजात

महासमुंद। ग्राम बेलसोंडा में ग्रामवासियों की मांग पर बोर खनन होने के बाद समस्त ग्रामवासियों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार जताया है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी में पानी की समस्या न हो, इसके लिए उनके द्वारा महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात कर गांव में बोर खनन की मांग की गई थी। मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक सिन्हा ने अनुशंसा करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव को स्वीकृति के लिए पत्र लिखा। मंत्री की ओर से स्वीकृति मिलने के बाद गांव में साहू सामाजिक भवन के पास बोर खनन हुआ है। इस कार्य के लिए जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, ग्राम सरपंच प्रीति त्रिभुवन धीवर, उपसरपंच कुणाल चंद्राकर सहित समस्त पंचगण एवं ग्रामवासियों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया है। ग्रामवासियों ने बताया कि गर्मी में उन्हें पेयजल एवं निस्तारी की समस्या न हो इस कारण विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से गांव में बोर खनन की मांग की थी। अब बोर खनन होने के बाद भीषण गर्मी में उन्हें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। साथ ही कुछ दिनों पहले विधायक ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को कोडार बांध से गांवों में निस्तारी के लिए पानी देने निर्देशित किया था।

मांग : किसानों की बढ़ी चिंता, मुआवजा की मांग को लेकर तहसीलदार को दिया ज्ञापन

बिजली, खुटेरी, सेंदर, बारूला व चैतरा में ओलावृष्टि व तेज बारिश से फसल चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

सोमवार को आषाढ़ की तरह अचानक तेज हवा आंधी के साथ तेज बारिश हुई है। बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई है। इससे फसल को भारी नुकसान हुआ है। रबी फसल मे क्षेत्र के बिजली, खुटेरी, बारूला, सिरींखुर्द, चैतरा, बेलर, सेंदर की हजारों एकड़ के धान फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इन ग्रामों में खड़ी फसल गिर गया है और खेत के पानी में भिंग गई है जो नुकसान दायक है।

ग्राम बिजली से किसान जनपद सभापति फिगेंश्वर नंदू यादव, बिजली सरपंच प्रतिनिधि मोती राम निषाद,तोषण पटेल,पुर्व उपसरपंच गजेंद्र निषाद, विस्वनाथ पटेल, दूज लाल ढीढी, संत राम यादव, याद राम निषाद, मन्नू राम निषाद, बाबूलाल साहू, हेमलाल साहू ,छबि राम निषाद, भैया राम निषाद, राजू सिन्हा, नाथू ढीढी ,मणि ढीढी, संतोष यादव, रूमन यादव ,लिखन निषाद ,डोमन साहू, मोहन निषाद ,पीतांबर साहू, रेवा साहू, दयाराम साहू, दौलत यादव के साथ ग्राम बिजली से 180 किसान फिंगेंश्वर तहसीलदार डीम्पल ध्रुव से आवेदन सौपकर क्षतिपूर्ति मुआवजा की मांग किया गया है। इनके लिए शीघ्र सर्वे कराए जाने की मांग की। इसी तरह ग्राम खुटेरी के किसान सरपंच बेनीशंकर साहू, उपसरपंच ढालचंद, ग्रामीण अध्यक्ष चितरंजन सेन, सचिव इतवारी यादव, गयाराम सेन, चोवाराम, हरिलाल, द्वारिका, प्रहलाद, आसाराम, हेमंत, शंकर, सुखराम, गोपेश सेन, झामु, खिलु, निषाद खेमू, दौलत, लेखु, राजेश , आदि किसान उपस्थित रह कर ओलावृष्टि से फसल को नुक्सान पहुंचाने की शिकायत तहसीलदार फिगेंश्वर से की।

सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग

बाताया सोमवार रात में आंधी- तूफान के साथ भारी बारिश हुई है। सुबह जब किसान अपने खेतों में गए तो माथे पर चिंता कि लकीर साफ झलकने लगी। इस गांव के सभी किसान एक जगह इकट्ठा हो गए और नुकसान पर चिंता के साथ विचार किया गया। और शासन द्वारा सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग किया गया। वहीं ग्राम सेंदर किसान रामाधार साहू, हेम लाल साहू, शिवराम साहू, मुरली साहू यादराम, एनसिंग साहू, गणेश, उदे राम, तुलसी राम साहू ने बताया कि स्यंम डोरबेल से धान फसल लगाया गया है,इस बारीश के काफी नुकसानदायक है। शासन से क्षतिपूर्ति राशि दिलाने सर्वे करने की मांग किया गया है। बारूला से सुकदेव साहू, इदरमन, ईश्वरी, तोरन, हिक्छा, तुलाराम के खेत बारिश ओलावृष्टि से नुकसान हुआ है।

ओलावृष्टि से धान की फसल को भारी नुकसान

फिंगेश्वर। तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश एवं ओले पड़ने से किसानों के रबि फसल को नुकसान पहुंचा है। इसी कड़ी मे ग्राम रोबा के कुमारराम साहू ने बताया कि वे 5.50 एकड़ खेत जो नवापारा के भंवर लाल जैन का है रेग मे लिया था 28 अप्रैल के रात मे हुई तेज आंधी के साथ ओलेदार बारिश से फसल तहस नहस हो गया। धान की फसल जहां जमीन में सो गई। वहीं पर ओले के कारण धान की बालिया पूरी तरह से झड़ गए। उन्होंने शासन से फसलों को होने वाले क्षति का मुआवजा देने की गोहार लगाई है।

शिक्षा से जुड़े, अज्ञानता और बुराइयों से दूर रहें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

84 राज स्तरीय आदिवासी ध्रुव समाज का वार्षिक सम्मेलन रविवार को सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक, अध्यक्षता पन्ना लाल ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव गोड़ समाज थे। विधायक रोहित साहू के द्वारा आदिवासी संस्कृति एवं परंपरा पर प्रकाश डालते हुए खूब सराहना की आदिवासी समाज को सरल और सहज व प्रकृति के पूजारी के रूप में जाने पहचाने जाते है। उक्त अवसर पर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना महतारी वंदना, प्रधानमंत्री आवास तथा किसान सम्मान निधि के संबंध में विस्तार पूर्वक उद्बोधन दिया गया। साथ ही समाज की मांग पर सामूदायिक भावन व टीना सेड के लिए 22 लाख रूपये की घोषणा किया गया। जिससे आदिवासी समाज परिक्षेत्र जामगांव के पदाधिकारियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

बच्चों को शिक्षा संस्कृति के साथ संस्कार दें- कार्यक्रम के द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि कलेक्टर भगवान सिंह उईके, विशिष्ट अतिथि सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जिला गरियाबंद नवीन भगत की गरिमामयी सानिध्य में संपन्न हुआ। अतिथियों द्वारा समाज के बच्चों को शिक्षा संस्कृति के साथ संस्कार एवं आर्थिक सुदृढता पर विशेष प्रयास करने पर जोर देने कहा गया। प्रदेश अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सामाजिक बुराईयों को त्याग कर शिक्षा एवं नई सोच के साथ विकास की मुख्य धारा में आगे बढ़ने तथा अपने पूर्वजों की अच्छी भावनाओं एवं सोच के साथ खुशहाल जीवन जीने की प्ररेणा प्रदान की गई। उक्त अवसर पर चिंताराम नेताम, हूमन मरई, रामअवतार नेताम, खेमसिंह ध्रुव, हिरू राम ध्रुव, अक्तुराम ध्रुव, अंजोर ध्रुव, रघुनंदन ध्रुव, डोमन ध्रुव, पुरानिक ध्रुव, पद्मन ध्रुव, गणेश ध्रुव, महेश ध्रुव, कमल ध्रुव, दिलीप ध्रुव, तिजराम ध्रुव, कंवल ध्रुव, समारू ध्रुव, अरूण मरई, सुरेश मरई, रामखिलावन ध्रुव, कमलेश ध्रुव, डोमार सिंह ध्रुव, हेमलाल ध्रुव, विरेन्द्र ध्रुव, राकेश ध्रुव, बसंत ध्रुव, घनश्याम ध्रुव, चंद्रशेखर ध्रुव, मुकेश ध्रुव उपस्थित रहे।

बैठक में शिक्षकों की विभिन्न मांगों पर डाला गया प्रकाश

छुरा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त ट्राइबल एजुकेशन एकीकृत शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय सचिव सर्वेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को प्रांतीय स्तर के पदाधिकारी एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों का बैठक खेल मैदान छुरा में रखा गया जिसमें छत्तीसगढ़ में संघ के विस्तार के साथ जिला इकाई एवं ब्लाक इकाई का गठन के साथ साथ शिक्षकों की विभिन्न मांगों पर प्रकाश डाला गया। बैठक में टीई मुद्दा रखा गया जिसमें सदस्यता अभियान चलाकर सदस्य जोड़ने पर प्रकाश डाला गया। बैठक में शिक्षा विभाग में टी संवर्ग और ई संवर्ग को स्कूल शिक्षा विभाग में मर्ज करने मांग को प्रमुखता से उठाया गया। शिक्षकों का वरिष्ठता पहले नियुक्ति तिथि से दे कर पदोन्नति प्रदान करे युक्तियुक्तकरण में सेटअप 2008 लागू कर शिक्षा व्यवस्था को सुदूर किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से संघ के प्रांतीय महामंत्री शरद प्रधान, संभाग प्रभारी रायपुर थानेश्वर निषाद प्रांतीय मीडिया प्रभारी विकाश शुक्ला जिला अध्यक्ष गरियाबंद जय लाल ध्रुव, उपाध्यक्ष मनहरण पटेल, जिला मीडिया प्रभारी पिलेश्वर साहू एवं सक्रिय सदस्य दयाराम साहू, कुंज लाल, जगत, खेमचंद देवांगन और अन्य लोगों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

मनुष्य का अंहकार ही मनुष्य के पतन का कारण बनता है : पं. अमन शर्मा

फिंगेश्वर। शिक्षक कालोनी पंचकोशिय धाम नगर फिंगेश्वर में देवांगन परिवार द्वारा गृहप्रवेश के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह महापुराण के प्रथम दिवस व्यासपीठ से बोलते हुए पंडित रामानुज अनिरूद्ध दास अमन शर्मा पंचकोसी धाम मौलीपारा फिंगेश्वर वाले ने कहा मनुष्य का अंहकार ही उसके पतन का कारण बनता हैं।इसलिए समय रहते अपने आप को सुधार ले।संगति भी कभी–कभी मनुष्य के विकास में बाधा बनकर खड़ा दिखाई पड़ता है इसलिए संगति भी सोच समझकर करना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण और सुदामा, भगवान श्रीराम और सुग्रीव ऐसे इतिहास में अनेकों उदाहरण देखने को मिल जाएगा। आज समय के साथ मनुष्य का विचार भी बदलता जा रहा है जो मनुष्य माता–पिता के सानिध्य में रहकर कार्य करता हैं उसका जीवन में सदैव नाम रहता है।काम कोई भी हो कोई बड़ा छोटा नही होता बसर्ते उस कार्य से माता-पिता परिवार, समाज का नाम रोशन हो।जो भी सत्संग के स्थान पर आकर बैठता है उसके पीछे माता–पिता गुरु एवं बांके बिहारी महराज की कृपा दृष्टि से ही सम्भव हो सका। प्रथम दिवस की कथा में कपिल मुनि। अवतार के साथ देव रिषि नारद की कथा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आयोजक परिवार नंदकुमार धर्म पत्नी फुलबासन देवांगन, पूरण लाल धर्म पत्नी जानकी देवांगन के अलावा काफी संख्या में भक्त जन कथा पंडाल पर बैठकर कथा का आनंद लिया।

शर्मा की स्मृति में नारियल पौधे का रोपण...

राजिम। पांडुका के सेवानिवृत्त शिक्षक स्व खोवालाल शर्मा के दशगात्र के अवसर पर उनके स्मृति में गांव के पनखती तालाब में मां शीतला मंदिर के बाजू परिजनों ने नारियल वृक्ष को रोपकर सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गांव के लोग श्रद्धांजलि अर्पित करने मौजूद थे।

अक्षय तृतीया को लेकर बाजार में रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

अक्षय तृतीया को लेकर बाजार में रौनक छा गई है। इस दिन ज्यादा लोग बिना मुहर्त देखे ही शादी व्याह आदि मांगलिक कार्यक्रम कराते हैं बाजार में पारंम्परिक खिलौनों ने बाजार की रौनक बढ़ा दी है शहर के कुछ जगहों पर मिट्टी के मटके, गुड्डे गुड़ियों एवं अन्य सामानों की दुकाने लग चुकी है अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को मनाई जायेगी। साथ अक्ती पर्व पर अनेक धार्मिक एवं मांगलिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। अक्षय तृतीया के दिन किसान अपने खेतो में बीज बोते हैं, जिससे कि इस दिन से खरीफ फसल की खेती शुरू हो जाती है हालांकि बोनी आषाढ़ में होती है जब बारिश होती है उसके बाद खेती का दौर शुरू होता है इस दिन किसान अपने खेतो में कम से कम एक दौरी धान बीज कर बुवाई करते हैं। वही दूसरी ओर आज बच्चो के द्वारा गुड्डे गुड़ियां की विवाह रचाई जायेगी जिसकी तैयारी नगर व क्षेत्र में किया जा रहा है छोटे –छोटे बच्चो में इस त्यौहार को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रही है।

अक्षय तृतीया पर आज किसान खेतों पर करेंगे पूजा

रसेला। 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया यानी अक्ती त्योहार मनाई जाएगी। किसान अपने खेतों में विधिवत पूजा अर्चना कर धान छिड़ककर नए दिन खरीफ फसल की शुरुआत करेंगे। जानकारी के मुताबिक इस दिन किसी भी कार्य को शुरूआत अत्यंत शुभ माना जाता है। आज रसेला सहित क्षेत्र में कई विवाह कार्यक्रम संपन्न होंगे। साथ ही साथ आज गुड्डे गुडिया का शादी रचाया जाता है। जो पूरे विधि-विधान के साथ विवाह की रस्म अदायगी होती है। मडप से लेकर चुलमाटी, बारात, टीकावन, पाणिग्रहण इत्यादि परंपराओं का निर्वहन किया जाता है। इस दिन लग्न मूहूर्त की जरूरत नहीं होती है। यही वजह से इस दिन बड़ी संख्या में शादी रचाई जाती है। अक्षय तृतीया के दिन से चार धाम की यात्रा भी शुरू हो जाती है, और इस दिन गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुल जाते हैं। शादियों के चलते सोने की कीमत आसमान चढ़ गई है, तो अन्य सामानों की कीमत भी उठी हुई है। शादी सीजन और गर्मी के चलते सब्जियों के दाम भी बढ़ गये है। सबसे बड़ी बात वाटर लेवल नीचे जाने से पानी की समस्या कई जगह देखने को मिल रही है। अब तो पानी की कीमत भी बढ़ने लगी है। महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि भारतीय काल गणना के अनुसार वैशाख मास शुक्ल पक्ष की तीसरी तिथि अक्षय तृतीया कहलाती है।

नवागांव स्कूल के छात्रों को कराया न्योता भोज

महासमुंद। ग्राम नवागांव में गुरविंदर सिंह एवं उसकी धर्मपत्नी कशिश कौर द्वारा वैवाहिक जीवन के शुभ अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव के बच्चों के लिए नेवता भोज का आयोजन अपने निवास स्थल में किया गया। नेवता भोज में लड्डू, खीर पूरी, आचार, पापड़, सलाद, केला एवं दाल चावल सब्जी परोसा गया। बच्चों ने भोजन का आनंद बड़े उत्साह से लिया। इस अवसर पर श्रवण सिंह नागी, गुरदीप कौर नागी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष पूरन लाल निषाद, संस्था के शिक्षक अरुण कुमार साहू, मेमन कुमार चंद्राकर, अमर साहू, रसोईया दया बाई दीवान, हीरा बाई दीवान, कुमारी बाई एवं सफाई कर्मचारी अमृत बाई उपस्थित थे। सरपंच पार्वती पटेल, संकुल प्राचार्य समीरचंद्र प्रधान, संकुल समन्वयक राजू देवांगन एवं ग्रामीणजनों द्वारा गुरविंदर सिंह एवं उनके परिवार के द्वारा नेवता भोज के आयोजन के लिए प्रशंसा व्यक्त किया। शिक्षकों ने गुरविंदर सिंह, कशिश कौर, श्रवण सिंह नागी, गुरदीप कौर का धन्यवाद ज्ञापित किया।

पेज 11 के शेष...

डीजे पिकअप और...

चार लोग कोंडागांव से रायगढ़ की ओर जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। गंभीर रूप से घायल लोगों में रत्ना किसान (पत्नी), भानु प्रताप किसान (पुत्र) और पवन किसान (भाई) शामिल हैं, जो समारुलाल किसान के परिजन बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की तत्परता से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय प्रशासन द्वारा लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की गई है। इस हृदयविदारक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

उरमाल स्वास्थ्य...

ध्यान इस लापरवाही की ओर आकर्षित किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है। स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार, एक्सपायर या अनुपयोगी दवाइयों का वैज्ञानिक तरीके से निपटान आवश्यक है। लेकिन यहां खुले में दवाइयां फेंकना न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते इन दवाइयों को हटाया नहीं गया, तो स्वास्थ्य संकट खड़ा हो सकता है।

जानकारी मिली है- इस मामले में मैनपुर विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव ने चर्चा में बताया मामले की जानकारी मिली है तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण के बाद ही कुछ कह पाऊंगा।

देवांगन समाज गरियाबंद का पांचवां वार्षिक सम्मेलन संपन्न

हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है देवांगन समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

देवांगन समाज, जिला गरियाबंद का पांचवां वार्षिक सम्मेलन भव्यता के साथ बिन्द्रानवागढ़ राज भवन, मजरकट्टा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां परमेश्वरी देवी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. ओमप्रकाश देवांगन प्रदेश अध्यक्ष, देवांगन समाज छत्तीसगढ़ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चिरंजीव देवांगन ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महेश देवांगन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय देवांगन समाज, धनेश देवांगन (प्रदेश अध्यक्ष, राजनीतिक प्रकोष्ठ), शरद देवांगन प्रदेश उपाध्यक्ष और अधिवक्ता नरेंद्र देवांगन मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने अपने उद्बोधन में समाज के सर्वांगीण विकास के लिए नारी सशक्तिकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज देवांगन समाज केवल बुनकर तक सीमित नहीं, बल्कि राजनीति, प्रशासन, शिक्षा सहित हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर समाज को नई दिशा देने की बात कही। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश देवांगन ने समाज के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि देवांगन समाज ग्यारहवीं शताब्दी में नेपाल से उत्तर भारत तक अपने शासन और वैभव के लिए जाना जाता था। उन्होंने पुनः उस गरिमा को स्थापित करने के लिए संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया।

प्रतिभाओं और जनप्रतिनिधियों का सम्मान

सम्मेलन में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का साल, श्रीफल, नगद राशि और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। शैक्षणिक क्षेत्र में सम्मानित छात्र-छात्राएँ कुमारी हिना देवांगन पं. रविशंकर विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान, वनस्पति शास्त्र कुमारी पूर्णिमा देवांगन, जाह्नवी देवांगन, पूर्वी देवांगन, राधिका देवांगन, तामेश्वरी देवांगन, चि. नितेश देवांगन को "देवांगन रत्न" सम्मान। नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों में कंचन देवांगन जनपद सदस्य, पाण्डुका छुरा, प्रगति देवांगन जनपद सदस्य, गरियाबंद सुनीता देवांगन उपसरपंच, काटीदादर, मधु देवांगन पार्षद, नगरपालिका परिषद, गरियाबंद, शांतनु देवांगन (पार्षद, नगरपंचायत छुरा। इस दौरान छगन देवांगन, रविशंकर देवांगन, नोहर देवांगन, दौलत देवांगन, रामकुमार देवांगन, नारद देवांगन, भेषु देवांगन, कुशल देवांगन, एकादशी देवांगन, दिनेश देवांगन, नारायण देवांगन, डमरू देवांगन, चंदूलाल देवांगन, नरेंद्र देवांगन, भारत देवांगन, कुलेश्वर देवांगन, चुम्मन देवांगन, अर्जुन देवांगन, मनीष देवांगन, चैत राम देवांगन, बिहारी देवांगन, जीवन देवांगन उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव परस देवांगन द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया। यह सम्मेलन समाज को एक नई दिशा देने के साथ-साथ युवाओं और वरिष्ठजनों को प्रेरणा देने वाला साबित हुआ।

खबर संक्षेप

नपं का टैक्स बकायादारों पर सख्ती, नल कनेक्शन कटेंगे

फिंगेश्वर। नगर पंचायत फिंगेश्वर क्षेत्र के समस्त कर दाता जिन्होंने अपना संपत्ति कर,समेकित कर,जल शुल्क एवम दुकान किराया शुल्क जमा नहीं किया है वे अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक अपना बकाया शुल्क जमा करा लेवे अन्यथा नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जावेगी। उक्त जानकारी नगर पंचायत के सीएमओ चंदन मानकर ने देते हुए बताया कि कर नहीं पटाने से नगर पंचायत मे वित्तीय भार बढ़ रहा है जिसके चलते घर घर पहुंचकर टैक्स वसूली का कार्य किया जा रहा है।नगर वासियो से अपील है कि जिन नागरिकों का नगर पंचायत टैक्स नहीं पटा है वे हर हाल मे आज 30 अप्रैल तक नगर पंचायत फिंगे"वर कार्यालय पहुंचकर अपना टैक्स अवश्य ही पटावे।

नेशनल शतरंज में सौम्य और भूमिका दूसरी बार किया क्वालीफाई

बिरकोनी। केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत चेस टूर्नामेंट कोरबा में आयोजित हुआ। बालिका अंडर- 14 में भूमिका साहू महासमुंद (केंद्रीय विद्यालय) 5 में 5 अंक स्कोर के साथ (गोल्ड) प्रथम स्थान प्राप्त किया। रायगढ़ में आयोजित चेस अंडर-17 बालक में सौम्य कुमार महासमुंद (केंद्रीय विद्यालय) ने 6 में सर्वाधिक 5 अंक स्कोर के साथ (गोल्ड) प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आगामी होने वाले केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा 54वीं राष्ट्रीय खेल समारोह में शतरंज खेल में भाग लेंगे। गत वर्ष भी शतरंज में दोनों केंद्रीय विद्यालय संगठन के 53वीं राष्ट्रीय खेल महोत्सव में रायपुर संभाग छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधित्व करने वाले टीम में शामिल थे। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे, हरिकृष्ण रेड्डी शतरंज प्रशिक्षक राजनांदगांव, शिक्षक वीएन प्रधान, संदीप पटले, नारायण साहू, दिनेश चंद्राकर, रूपेश पटेल, गोपाल साहू, गजेंद्र साहू सहित परिवारजनों एवं शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

सम्मेलन : एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर प्रबुद्ध जनों का हुआ सम्मेलन

राष्ट्रहित में है वन नेशन वन इलेक्शन : इंद्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

भारतीय जनता पार्टी मंडल के द्वारा शहर के श्रीराधा कृष्ण मंदिर वृंदावन कुंज में एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू,पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज मुख्य रूप से उपस्थित थे। अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव होना अति आवश्यक है। इससे बार-बार मतदान से होने वाली परेशानियों के साथ अनिश्चितता का दौर समाप्त होगा। एक बार में चुनाव हो जाने से संसाधन का अपव्यय रुकेगा। विधायक ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से सुरक्षाबलों पर दबाव कम होगा तथा नागरिकों के समय की भी बचत होगी जिससे सार्वजनिक भागीदारी बढ़ेगी और लोकतंत्र मजबूत होगा। अशोक बजाज ने कहा कि भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के लिए यह लंबी अवधि के लिए समाधान हो सकेगा। उन्होंने एक देश एक चुनाव पर सारगर्भित बाते बताते हुए कार्यकताओं को विस्तृत में जानकारी दिया एवं इनके फायदे बताएं। भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने कहा कि हमारे देश में हर साल किसी न किसी राज्य में विधानसभा या स्थानीय निकाय के चुनाव होते ही रहते हैं। इससे न केवल सरकारी खर्च बढ़ता है बल्कि सुरक्षा,प्रशासन व संसाधनों पर भी बोझ बढ़ता है।

करोड़ रुपए की होगी बचत

नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी साहू ने कहा कि एक साथ चुनाव कराकर बार-बार चुनाव वाली समस्या से मुक्ति पाई जा सकती है और धन की बचत से देश के विकास कार्य को गति मिलेगी।नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने कहा कि एक ही समय पर सभी चुनाव होने पर लाखों करोड़ रुपए की बचत होगी। सन 1951 से 1967 तक चुनाव एक साथ होते थे। इस अवसर पर विधानसभा अभनपुर के अंतर्गत आने वाले चारों मंडल के नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, अध्यक्ष अभनपुर मंडल अध्यक्ष भारत बैस,चंपारण मंडल अध्यक्ष तोशन साहू एवं खोरपा मंडल अध्यक्ष किशोर साहू जिला पंचायत सभपति अन्नू तारक, जनपद उपाध्यक्ष खेलुराम साहू, रिंकू चंद्राकर, विवेक तिवारी जनपद सदस्य, जनपद पूर्व जनपद सदस्य राजेश साहू, अशोक गंगवाल, रमेश पहाड़िया, परदेसी राम साहू, संजय साहू, छन्नू लाल साहू, गिरधारी अग्रवाल, किशन सांखला, पार्षद गण सहदेव कंसारी, धीरज साहू, केकती सोनवानी, नम्मु नारायण ध्रुव, सचिन सचदेव, पूजा कंसारी, जीना निषाद, जागेश्वर यादव, धनमती साहू, राजू रजक, कन्हैया साहू, फेकनू, प्रभा बांसवार, अंबे कंसारी, राम झड़ी राम पटेल, चंपारण, डॉ. केआर सिन्हा, रूपनारायण सिंह, राघवेंद्र साहू, हर्षा कंसारी, विधानसभा के अंतर्गत आने क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ता एवं नगर के बुद्धिजीवी,व्यापारिकगण व्यापारी उपस्थित थे।

बच्चों की मेहनत व शिक्षकों की लगन ने रचा सफलता का इतिहास : पारख

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

■ आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय गरियाबंद के विद्यार्थियों ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, गरियाबंद में मंगलवार को परीक्षा परिणामों की औपचारिक घोषणा की गई। परिणाम समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष आयोजन रखा गया, जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, शाला अध्यक्ष प्रशांत मानिकपुरी, चक्रधारी तरुण ठाकुर, जमुना जगभिए, अमृता देवी पांडे, मान सिंह साहनी, वंदना पांडे सहित शिक्षकगण और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार सिन्हा ने बताया कि इस वर्ष का परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा और विद्यार्थियों ने अनुकरणीय प्रदर्शन किया। परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा 6वीं

प्रथम तारिणी निषाद 89.14%, द्वितीय अंजनी यादव 87.3%, तृतीय भानु प्रताप 84.4%, कक्षा 7वीं

प्रथम अनूप कुमार 94.3%, द्वितीय होंमेंद्र सिंह 93.04%, कक्षा 8वीं प्रथम भूमिका कश्यप (90.16%) रही। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने विद्यार्थियों से कहा की यह केवल परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि बच्चों की मेहनत, पालकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पण का नतीजा है। ग्रामीण परिवेश में रहकर विद्यार्थियों का यह प्रदर्शन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। आने वाले समय में यही बच्चे समाज के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करेंगे। मंडल की ओर से हम शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव सहयोग प्रदान करते रहेंगे। शाला अध्यक्ष प्रशांत मानिकपुरी ने कहा कि यह परिणाम यह साबित करता है कि सरकारी विद्यालयों में भी अब प्रतिस्पर्धात्मक और गुणवत्ता युक्त शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों, पालकों और प्रबंधन समिति के समन्वित प्रयास को सफलता का आधार बताया। कार्यक्रम के अंत में महेश्वर माथुर, दीपक कुमार सोनी, पूनम शर्मा, मथुरा प्रसाद साहू, शिवानी सिंह, विनीता साहू, विद्या ठाकुर सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

पेंशनर संघ का मनाया गया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

पेंशनर संघ मैनपुर द्वारा स्थापना दिवस साहू सदन मैनपुर में मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक जनक ध्रुव थे। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव को पेंशनर संघ गरियाबंद जिला संरक्षक चुना गया। विधायक जनक ध्रुव ने कहा की आप लोगों का मार्ग दर्शन क्षेत्र के विकास के लिए बहुत जरूरी है। आप लोगों ने जो जिम्मेदारी मुझे दिया है निश्चित रूप से उसमें खरा उतरने का प्रयास करूंगा और जो मांग पत्र दिया गया है आने वाले दिनों में पेशनर संघ के लिए एक सामुदायिक भवन का निर्माण किया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से रघुवर दयाल कुशवाहा, धनसाय सोनवानी, रमजान खान, लालाराम पटेल, परमानंद पटेल, नकुल यादव, भागीरथी निषाद, जयसिंह कपिल, छितका राम नायक, छोटे लाल साहू, शकुन्तला रामटेके, सिया बाई बाम्बोड़े सुलोचनी नागेश, जगदीश साहू, हराबाई यादव, इन्दुमती ध्रुव, रोमिन ठाकुर,बालाराम टांडिया,रामजी साहू, लोचन निर्मलकर, तीजू सिंह,जयंती साहू, निराम सिन्हा,रामचरण,उ धोराम ध्रुव एवं बड़ी संख्या में पेशनर संघ के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आर डी कुशवाहा ने किया।

भेंडरी स्कूल में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में संकुल समन्वयक दुलेश्वर सिन्हा एवं पालकों की उपस्थिति में ,सेवानिवृत शिक्षक गैंदलाल ध्रुव,पूर्व सरपंच मोहनलाल साहू, उपसरपंच ऐलूराम साहू, अध्यक्ष भूषणलाल साहू ,उपाध्यक्ष वेदलता गोस्वामी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना से किया गया। अंगना म शिक्षा तिहार पढ़ई कार्यक्रम के संचालन करते हुए प्रधानपाठक भागचंद चतुर्वेदी ने इस कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्यों को विस्तार पूर्वक बताया कि हम बच्चों को खेल-खेल में रुचि पूर्वक आनंददायी शिक्षा कैसे दे सकते है। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के प्रभारी वरिष्ठ शिक्षक टीकू राम ध्रुव द्वारा विभाग द्वारा प्राप्त नौ बिंदुओं को जिसमें नामांकन व संकलन, शारीरिक व क्रियात्मक विकास के तहत संतुलन बनाकर चलना व कूदना, पेपर फोल्डिंग,बौद्धिक विकास आदि के संबंध में बताया। संकुल समन्वयक दुलेश्वर सिन्हा ने कहा कि आप सब जागरूक माताएं आज बताए गए गतिविधियों को घर पर बच्चों को नियमित करवाए। भेंडरी की मातृशक्ति शिक्षा के प्रति जागरूक है। जिसका परिणाम है कि आपके ग्राम के विद्यालय के बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय, जवाहर उत्कर्ष योजना में चयनित हो रहे। पूर्व सरपंच मोहनलाल साहू ने विष्णुदेव सरकार द्वारा बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए चलाए जा योजनाओं की प्रशंसा किया। कार्यक्रम को उपसरपंच एलूराम साहू, अध्यक्ष भूषणलाल साहू एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता टामिन साहू ने संबोधित किया। आभार लालजी सिन्हा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेखराम निषाद ,प्रदीप साहू, भागचंद चतुर्वेदी, रेखा साहू, बोधेश्वरी ध्रुव, गैंदलाल ध्रुव, भूषणलाल साहू, रूपेश्वर साहू, थनेश राम साहू,केशव सिंह ध्रुव, वेदलता गोस्वामी, लक्ष्मी यादव, चित्ररेखा यादव,लता ध्रुव, केवरा साहू, गोदावरी साहू,भगवती साहू, यशोदा साहू,चम्पेश्वरी ध्रुव, भागेश्वरी ध्रुव,जागेश्वरी यादव, सुंदरी यादव का योगदान रहा।

एनएचएम कर्मचारी 1 मई को करेंगे स्वास्थ्य भवन का घेराव

गरियाबंद। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी समय पर वेतन नहीं मिलने, संविलियन, ग्रेड पेय स्केल निर्धारण,मेडिकल अवकाश,क्लिनिकल एवं मैनेजमेंट दोनों ही वर्ग के लिए पब्लिक हेल्थ कैडर की मांग को लेकर 1मई को स्वास्थ्य भवन, नवा रायपुर का घेराव करेंगे, संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, कौशलेश तिवारी और जिलाध्यक्ष अमृत राव भोंसले,ब्लॉक अध्यक्ष राजिम गोविन्द यादव, ब्लॉक अध्यक्ष छुरा गौरव यादव, ब्लॉक अध्यक्ष गरियाबंद धीरज शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मैनपुर पुष्पा कुर्रे, ब्लॉक अध्यक्ष देवभोग सौरभ पांडे ने कहा हैं संघ 20 वर्षो से मांग करता आ रहा हैं लेकिन आज पर्यत तक इस पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई, जब की मणिपुर, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु में नियमितीकरण एवं मेडिकल अवकाश जैसे कोई महत्वपूर्ण सुविधा दिया जा चूका हैं। तमिलनाडु राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों का समयबंध रूप से नियमितीकरण होता जाता हैं, मातृत्व राज्य मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में अच्छे पॉलिसी बनाया गया हैं। इन संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को जुलाई 2023 के विधानसभा में घोषित 27% की वेतन की राशि भी अप्राप्त है जबकि कई विभागों को इसका यह राशि प्रदान किया गया हैं। विकासखंड गरियाबंद के अध्यक्ष धीरज शर्मा, शेखर धुर्वे, डॉ. लक्ष्मीकांत ठाकुर ने बताया की समय पर वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारियों द्वारा घर किराया सहित अपने वृद्ध माता पिता का दवाई अन्य मेडिकल का फीस,बच्चों का स्कूल फीस, दैनिक जरूरते उधार लेकर काम चलाना पड़ रहा हैं, *इन सब गंभीर आर्थिक मानसिक परेशानियों का निराकरण का कोई आसार नहीं दिखने और शासन प्रशासन को नींद से जगाने एक दिवसीय धरना किया जा रहा।

ज्ञानदीप शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ज्ञानदीप शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नर्सरी से चतुर्थ के साथ ही षष्टम, सप्तम, नवम, एकादश का परीक्षा परिणाम विद्यालय के पालक एंव संकुल समन्वयक विनोद साहनी, संस्था के अध्यक्ष संतोष तिवारी, संस्था प्रमुख रेखा तिवारी, प्रधानाचार्य अशोक तिवारी की मौजूदगी में घोषित किया गया। बताया कि कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा को छोड़कर विद्यालय में कक्षा चतुर्थ से प्रथम विद्या साहू 98.4 प्रतिशत, केजी-2 से द्वितीय तृप्ति साहू 98 प्रतिशत, कक्षा चतुर्थ से तृतीय नितिन कंसारी 97.6 प्रतिशत रहें। जिन्हे विद्यालय के ओर से अंकसूची के साथ स्मृति चिन्ह दिये गये, कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा परिणाम की जैसे ही घोषणा हुई पालकों एंव छात्र-छात्राओं के चहेरे पर खुशी देखी गई। परीक्षा परिणाम की घोषणा पर संकुल समन्वयक विनोद साहनी ने कहा कि विद्यालय का आत्मा पालक होते है। पालक के सहयोग से विद्यालय को गति मिलता है। पढ़ने वाले विद्यालय जिसके वजह से विद्यालय को नाम एंव पहचान मिलती है। इन सब में महत्वपूर्ण इकाई शिक्षक है जो पालक एंव छात्र - छात्राओं में सामंजस्य बनाकर रहता है। विद्यालय को 1 जुलाई 2025 को 25 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय के अध्यक्ष ने घोषणा किया कि इस शिक्षा सत्र 2025-26 में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले बच्चों को नर्सरी, केजी-1, केजी-2 में वर्षभर निशुल्क शिक्षा प्रदान किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक तिवारी ने जानकारी दी कि नर्सरी से कक्षा 12वी तक सीधी भर्ती 1 मई से 2025 से आरंभ होगी। ग्रीष्म कालीन अवकाश में कार्यालयीन समय सुबह 07:30 बजे 12 बजे तक रहेगी। साथ ही सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एंव पालकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी।

आदिवासी समाज ने नवपदस्थ कलेक्टर उईके का किया स्वागत

छुरा। छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज जिला गरियाबंद द्वारा नवपदस्थ कलेक्टर भगवान सिंग उईके का पीला गमछा के पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष नीलकंठ सिंग ठाकुर, जिला संरक्षक छत्तरसिंग ठाकुर, यशपेन्द्र शाह राजा साहब बिन्द्रानवागढ़ स्टेंट राज महल छुरा, जिला सचिव शीतल ध्रुव, जिला मीडिया प्रभारी पुनितराम ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष सोरी, लक्ष्मण ध्रुव मौजूद थे।

अंचल में अक्ति तिहार की धूम

छुरा। छत्तीसगढ़ में अक्षय तृतीया को अक्ती तिहार के रूप में मनाने की विशेष परंपरा है। इस दिन मिट्टी से बने गुड्डे गुड़ियों की विवाह पूरे रीति रिवाज से की जाती है। संतोषी पारा छुरा में आज भी इस परम्परा को जीवित रखने का प्रयास गुंजन सिन्हा, योगिता सिन्हा, आकृति, भूमि कर रही हैं। बाल हृदय सपनों के संसार में परम्परा की महक बिखेर रही है।

साहू समाज का हुआ वार्षिक सम्मेलन

नवापारा-भेण्डरी। परिक्षेत्र साहू समाज करेली बड़ी का वार्षिक सम्मेलन ग्राम परसट्टी में हुआ। समाज के लोगों ने सर्वप्रथम मां कर्मा की आरती कर कलशयात्रा निकाली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष तहसील साहू संघ जिलापंचायत सदस्य मीना साहू, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू थे। अतिथियों ने साहू समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सरपंच टोमन साहू का स्मृति चिन्ह श्री फल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ के कुसुमलता साहू,केकती साहू, डॉ गिरीश साहू, करेली परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष कार्तिक राम साहू, चंद्रहास साहू, देवी प्रसाद साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधु मौजूद थे।

बच्चों ने पेड़ों पर झुले का लिया आनंद

मैनपुर। स्कूलों से गर्मी छुट्टी प्रारंभ होने के बाद आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे अपने नाना नानी के गांव जाने की परंपरा है। जहां बच्चों को गांव की गलियों में उछल कूद करते पेड़ों के डाले में झुले परंपरागत खेलकूद करते दिखाई देते है। हालांकि यह सब अब शहरी क्षेत्रों से गायब हो गया है लेकिन गांवों में आज भी बच्चों को गर्मी छुट्टी में पारंपरिक खेलकूद करते देखा जा सकता है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं समक्ष प्राधिकारी देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

:: उद्घोषणा ::

क्रमांक /555/अविअ/वा-1/2025
देवभोग, दिनांक 28.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बबीता अग्रवाल पति नरेन्द्र अग्रवाल, जाति वैश्य निवासी ग्राम गुढियारी रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम खुटगांव, प.ह.नं. 13, तहसील देवभोग में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 532, 533 रकबा 0.36, 0.38 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में कृषि भूमि दर्ज है, जिसे औद्योगिक प्रयोजन के लिए भूमि परिवर्तित कर पुनः लगान निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव प्रस्तुत आवेदन के अनुसार औद्योगीक प्रयोजन हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 14.05.2025 समय 5.00 बजे तक मेरे समक्ष स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त आपत्तियां पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
(रा) एवं समक्ष प्राधिकारी
देवभोग

मुहर

आम सूचना

(मौजा रणचंडी, प.ह.नं. 17, रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तह. आरंग, जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नंबर-199/3 रकबा 0.165 हेक्टेयर बाबत)

सर्व साधारण को सूचित हो कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण (1) भगवानी राम पिता मनोहर, (2) चन्दन दास पिता-सुखेन (3) रविदास पिता-सुखेन, (4) नारायण पिता-सुखेन, (5) भारतदास पिता-सुखेन, (6) जगमोहन पिता-राम विशाल, (7) मानिकराम पिता-रामविशाल, (8) मीराबाई पिता-फेरहा राम, (9) देवेन्द्र पिता-फेरहा (10) मुनिया पिता-फेरहा, (11) देवव्रत पिता-फेरहा, (12) ईश्वरी प्रसाद पिता-फेरहा, (13) बुधारू पिता-फेरहा सभी निवासी ग्राम-दरबा, तहसील-मंदिरहसौद, जिला रायपुर छ.ग. से उनके मौजा रणचंडी, प.ह.नं. 17, रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तह. आरंग, जिला-रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नंबर-199/3 रकबा 0.165 हेक्टेयर को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना की राशि विक्रेता को अदा कर दी गई है मात्र विक्रय पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्धशासकीय, बैंक, साहूकार, आदि को उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी उजर दावा आपत्ति आदि हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर सुसंगत दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करावें। म्याद पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि को अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा बाद म्याद की गयी आपत्ति अवैध व शून्य मानी जावेगी।

सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक - 29/04/2025

भवदीय
साहेब लाल वर्मा नीलकंठ साहू,
अधिवक्तागण मकान नं.-10, 11,
ब्लॉक नं.-47, द्वितीयतल, हाउसिंग बोर्ड
कालोनी, धरमपुरा, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 99260-66979

खबर संक्षेप

सशिमं अकलवारा का परीक्षा परिणाम जारी

मुड़ागांव(कोरासी)। सरस्वती शिशु मंदिर अकलवारा में 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जहां 100 प्रतिशत रिजल्ट रहा। जिसके उपलब्धि पर शिशु मंदिर शाला प्रबंधन एवं पालक समिति की ओर से सभी विद्यालय परिवार बधाई के पात्र बने।

8वीं में दिव्यांशी प्रथम



पांडुका। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस वर्ष कक्षा आठवीं का केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा आयोजित किया गया था।

जिसमें कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पांडुका की सभी छात्राएं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए है। कुल 7 छात्राओं में छह छात्राओ को प्रथम श्रेणी प्राप्त हुआ है एवं एक छात्रा को द्वितीय श्रेणी प्राप्त हुआ है। कुमारी दिव्यांशी दीप 92% अंकों के साथ कक्षा मे प्रथम स्थान पर रही, इसी प्रकार कुमारी तृप्ति 83% प्राप्त कर द्वितीय एवं कुमारी विभा 82% प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। सभी छात्राओं को प्रधान पाठक एम एल तारक एवं शाला परिवार ने शुभकामनाएं प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी आज

महासमुंद। एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन 30 अप्रैल बुधवार दोपहर 3 बजे स्थानीय स्वाध्याय केंद्र कॉलेज रोड में आयोजित है।

निधन

तीरथराम ध्रुव

राजिम। परेवाडीह के भगत बाबा स्व. नारायण सिंह ध्रुव के छोटे सुपुत्र तीरथराम ध्रुव उम्र 54 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सामाजिक रीति रिवाज के मुताबिक गांव में किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

मांग : राजापड़ाव क्षेत्र के लोगों ने कलेक्टर से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत

आठ पंचायतों में हैं शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली सिंचाई, वनाधिकार पट्टा, पेयजल समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

राजापड़ाव क्षेत्र के जय अंबेडकरवादी युवा संगठन के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों ने जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम के नेतृत्व में गरियाबंद जिले के नवपदस्थ कलेक्टर भगवान सिंह उइके से मुलाक़ात कर उन्हें क्षेत्र की समस्याओं एवं विभिन्न विषयों से अवगत कराया। संगठन ने पत्र के माध्यम से बताया कि मैनपुर ब्लॉक के राजापड़ाव अंचल स्थित आठ पंचायतों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, सिंचाई, वनाधिकार पट्टा, पेयजल सहित अनेक समस्याएं व्याप्त है। इन समस्याओं के निराकरण के लिए कई बार आंदोलन व धरना प्रदर्शन किया जा चुका है फिर भी शासन प्रशासन की उपेक्षा के कारण समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाया है। संगठन ने बिंदुवार अपने मांग से कलेक्टर को अवगत कराया जिसमें राजापड़ाव क्षेत्र के पांच ग्राम पंचायतों (कोकड़ी, गरहाडीह,गौरगांव, भूतबेड़ा, कूचेंगा) सहित शेष छूटे हुए पारा टोला में विद्युतीकरण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शोभा में सेटअप के आधार पर समुचित व्यवस्था करते हुए नवीन भवन व निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन को तत्काल पूर्ण करने, स्वीकृति के बाद भी अड़गडी, जरहीडीह, शोभा कोकड़ी, गरहाडीह, घोटिया नाला पर पुल पुलिया का निर्माण आज भी अधूरा है। अविलंब पूर्ण करने, क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतो के प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूलों एवं क्षेत्र के दोनों आदिवासी कन्या आश्रमों में शिक्षकों की व्यापक कमी है, तत्काल सभी स्कूलों में आगामी सत्र 2025–26 में शिक्षकों की अविलंब व्यवस्था कराते हुए निर्वाणधीन स्कूल भवनों को तत्काल पूर्ण कराने, क्षेत्र पात्रधारी किसानों को विधि सम्मत वन अधिकार पत्र देने, क्षेत्र के किसानों को समुचित सुविधा मिले।

क्षेत्र में एक भी बालक छात्रवास नहीं

इसलिए पूर्व में गरहाडीह में प्रस्तावित धान खरीदी केंद्र को इसी सत्र 2025–26 में खोलने, शोभा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस (108) और महतारी एक्सप्रेस (102) की सुविधा प्रदान करने, गोना से गरीबा पक्की सड़क मार्ग अत्यंत जर्जर और ऊबड खाबड़ होने से आए दिन दुर्घटनाएं घट रही है, तत्काल सड़क के चौड़ीकरण करते हुए मरम्मत करने, क्षेत्र में एक भी बालक छात्रवास नहीं है, ग्राम मोंगराडीह में बालक छात्रवास की स्वीकृति प्रदान करते हुए सुदूर वनांचल के बच्चे जंगल रास्तों से आवाजाही करते हुए शोभा में हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी में पढाई करने पहुंचते है। परिस्थिति को देखते हुए प्री मैट्रिक छात्रवास शोभा में खोलने, गरहाडीह और शोभा कन्या आश्रमों में बिजली, पानी भवनों की जर्जर हालत से पूर्व में अवगत कराया गया था, अविलंब आश्रमों की समस्याओं को दूर की जाए, साथ ही दोनों आश्रमों का भवन जर्जर है नवीन भवन का निर्माण कराने, ग्राम शोभा हायर सेकेंडरी स्कूल और ग्राम भूतबेड़ा हाइस्कूल में भवन नहीं है वैकल्पिक व्यवस्थाओं में शैक्षणिक कार्य चल रहा है तत्काल भवन निर्माण करने की मांग की।

शोभा में उप तहसील कार्यालय खोलने की मांग

ग्राम शोभा में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महिला बाल विकास के सेक्टर भवन में संचालित हो रही है तत्काल भवन निर्माण करने तथा क्षेत्र के किसानों को तहसील कार्यालय मैनपुर बहुत दूरी तय करना होता है, परिस्थितियों को देखते हुए शोभा में उप तहसील कार्यालय खोलने जैसी मांगे प्रमुख हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम,पतंग मरकाम अध्यक्ष अंबेडकरवादी युवा संगठन, पूरन मेश्राम, शंकर नेताम सरपंच गरहाडीह, पुरुषोत्तम परदे, नकुल नागेश, रोहन नेताम, तिलक मरकाम जनपद सदस्य प्रतिनिधि, अजय नेताम पूर्व सरपंच भूतबेड़ा, कमलचंद नेताम, बिकाऊ नेताम, महेश सूर्यवंशी, पतिराम मरकाम, रामसिंह नेताम, दुल्लुराम मरकाम सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

आज अक्षय पुण्यवर्धक तिथि : पं. ब्रह्मदत्त

नवापारा-राजिम। आज अक्षय तृतीया है, ज्योतिष शास्त्र की काल गणना में जब वैशाख मास में सूर्य व चन्द्र अपनी उच्च राशि में होते हैं तो यह योग बनता है, इस तिथि का अपना पौराणिक महत्व भी है, पण्डित ब्रह्मदत्त शास्त्री कहते हैं यह युगादि तिथि है, चतुर्युगी का प्रारम्भ इसी तिथि से हुआ था, भगवान नरनारायण, परशुराम और हयग्रीव के अवतार भी

अक्षय तृतीया को हुए थे,अपनी पूजा से प्रसन्न हो क र भगवान सूर्य देव ने पांडवों को इसी दिन अक्षय पात्र दिया था, जिसका भोजन कभी खत्म नहीं होता था, ब्रह्म वैवर्त पुराण के अनुसार आज गंगा अवतरण की तिथि भी है, महाभारत के रचयिता वेदव्यास ने इसी तिथि से महाभारत की रचना शुरू की थी, जिसका लेखन गणेश जी ने किया था, इन्हीं सब कारणों से इस तिथि को अक्षय सुख समृद्धि की प्राप्ति करने के लिए, अक्षय पुण्य कमाने नए कार्य का शुभारंभ, सोने चांदी, जमीन जायदाद, संपत्ति खरीदने, गृह प्रवेश कन्या का विवाह करने के लिए इस तिथि को प्रशस्त कहा गया है। शास्त्री जी ने कहा कि आज के दिन जो भी धर्म कर्म , स्नान दान, जप तप किया जाता है वह कभी खत्म नहीं होता, अक्षय रहता है। वैशाख मास में आज जल से भरा हुआ घड़ा,छाता, पंखे, चरण पादुकाएं, अन्न, खरबूजा,आम, तरबूज आदि फलों का दान भी किया जाता है। भगवान श्री बद्रीनाथ के कपाट भी आज खुलते हैं और साल भर में मात्र एक बार आज के ही दिन बृंदावन के बांके बिहारी जी के चरण दर्शन भी होते हैं।

राजिम में आईटीआई के लिए विधायक से मिला जनप्रतिनिधियों का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम में क्षेत्र की जनसंख्या के अनुरूप आईटीआई के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि एकजुट हुए है। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव मंगलवार को इस संबंध में विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर इस दिशा में उनका ध्यान आकर्षित किया। श्री यादव के साथ नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर ,पार्षद भारत यादव, टंकू सोनकर, तुषार कदम, सुरेश पटेल,मंशा कुर्रे, कुलेश्वर साहू, अजय पटेल ,सोमनाथ पटेल, यशवंत निराला, उत्तम निषाद शामिल थे। जानकारी के मुताबिक विधायक रोहित साहू ने इस प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया है कि वे यथाशीघ्र सीएम विष्णुदेव साय एवं शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर राजिम में आईटीआई के लिए मांग रखेंगे ताकि क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त हो सके। बताया गया कि नगर पंचायत राजिम में स्टाफ की कमी है इससे विभागीय कार्य प्रभावित होता है इस दिशा में भी विधायक रोहित साहू नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से मुलाकात कर यहां स्टाफ बढ़ाए जाने की मांग करेंगे।

सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश ने भाजपा सह प्रभारी जामवाल से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

सर्व यादव समाज एवं छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के सह प्रभारी अजय जमवाल जी से सौजन्य भेंट कर छत्तीसगढ़ के सामाजिक संरचना के ऊपर अपनी बात रखी, उन्होंने कहा कि चुनाव पूर्व आप लोगों ने सभी समाजों की बैठक लेकर सरकार बनाने में सहयोग की अपील की लेकिन सरकार बनने के बाद से आज लगभग डेढ़ वर्ष बीत जाने को है लेकिन समाज वालों को कोई पूछ नहीं रहा है ना ही उनके साथ बैठक करने की योजना बना रही है ,छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव सहायक को भी पत्र लिखकर सामाजिक भावनाओं का सम्मान करते हुए समाज प्रमुखों के साथ बैठक कर समाज की कठिनाइयां परेशानियों के संबंध में विचार विमर्श करने हेतु कई बार समय मांगा गया लेकिन आज पर्यंत समय तक नहीं मिल पाया, इन श्री जामवाल जी ने सभी बातों को गंभीरता से सुना समझा और कहा कि आपने तो समाज की सूची दी है कृपया दो चार नाम भी तय करके दें यदुजी ने कहा कि समाज के प्रमुखों के साथ बैठक कर लीजिए तथा उसमें आपसी विचार विमर्श कर नाम भी उपलब्ध हो जाएगी श्री जामवाल जी ने उपस्थित सामाजिक प्रमुखों की बात को गंभीरता से सुनी तथा आश्वासन दिया कि एक सप्ताह में प्रवास से लौट के बाद अति शीघ्र संगठन सरकार और समाज की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी इस अवसर पर छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजा निर्मलकर महिला प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष रेखा देवदास छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ के पूर्व उपाध्यक्ष माधव लाल जी देवदास यादव समाज के प्रमुख मनोज यादव सहित सामाजिक प्रमुख उपस्थित रहे।

गरियाबंद जिले के 40 गांवों में पहुंची गौ-जागरूकता यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

गरियाबंद जिले के छुरा प्रखंड में गौ ग्राम जनजागरण यात्रा का आयोजन श्री कुंज बिहारी गौ शाला समिति खुसरुपाली के तत्वाधान में किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासन के निर्देश व गौ शाला आयोग के मार्ग पर गोशाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारीयो ने प्रखंड के चरौदा, कानसिंधी,रसेला, कामराज सिवनी, पिपरछेडी, मंडेली, गिधनी , लोहाझर बोदरबांधा, मुड़गांव, कसेकरा , सोरिद फिंगेश्वरी ,अकलवारा ,रानीपरतेवा आदिबेल्ट के लगभग 40 से भी अधिक गांवों में गाय के महत्व एवं उनसे होने वाले फायदे की जानकारी देते हुए रविवार को खड़मां पहुंची। जहां साप्ताहिक बाजार चौक स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान के ओम शांति भवन में ब्रह्माकुमारी चंद्रिका एवं ब्रह्माकुमारी अलिका बहन ने गौ ग्राम जन जागरण यात्रा के सेवाधारियों का स्वागत किया एवं संस्थान के दिव्य प्रेरणा स्रोत श्री कृष्ण की छाया चित्र भेट कर सम्मान किया।चंद्रिका बहन ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति और मानव जीवन में गौ माता का स्थान क्या रहा है यह श्री कृष्ण ने दुनिया को संदेश दिया है। जिसका महत्व हमें समझने की जरूरत है।

■ गौ ग्राम जनजागरण यात्रा का समापन खड़मा में हुआ

गौ सेवा के लिए लोगों को प्रेरित करना मुख्य उदेश्य

यात्रा में गौ माता की संदेश रथ के साथ पहुंचे स्थानीय जनप्रतिनिधि राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पांडेय, प्रकाश सिंहा, गुलशन सिंहा, धनश्याम साहू, रवि साहू, पूर्णिमा कंवर, शीतल ध्रुव का ब्रह्माकुमारी संस्थान के वरिष्ठ सदस्य गोविंद यादव, सियाराम सिंहा ने स्वागत किया। अभियान का नेतृत्व कर्ता युवा समाज सेवी शीतल ध्रुव उक्त अभियान का उद्देश्य बताते हुए कहा कि गाय के महत्व को जन जन तक पहुंचना और गौ सेवा के लिए लोगों को प्रेरित करना तथा गौ उत्पादों को बढ़ावा देना है उन्होंने बताया कि यह अभियान का प्रथम चरण 22 अप्रैल से श्रीकुंज बिहारी गोशाला से प्रारंभ किया गया। जो छुरा विकास खंड के लगभग 40 से भी अधिक गांव से होता हुआ आज प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ओम शांति भवन पहुंचे है जहां अभियान के प्रथम चरण का समापन होना है। वहीं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय ने कहा कि प्रदेश सरकार के मंशानुरूप अभियान के माध्यम से लोगो को गोपालन के लिए प्रोत्साहित करना है जिससे गौ माता का संरक्षण हो एवं गौ उत्पादों से आर्थिक तौर पर सशक्त हो सके। वहीं बी.के.सिया राम सिंहा ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में गौ माता की विशेष भूमिका रही है।